दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंक:-268
मुरादाबाद
18 January 2025
(Saturday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया ऑटो एक्सपो का उद्घाटन, इस बार इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर

### 'जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रहीं, उतनी कई देशों की आबादी नहीं', ग्लोबल एक्सपो में पीएम मोदी





भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो आम लोगों के लिए रविवार को खुलेगा। प्रवेश निशुल्क है। इसमें जाने के लिए आगंतुक दो प्रवेश द्वारों के जरिए भारत मंडपम तक पहुंच सकते हैं, सुविधा के लिए दो अलग-अलग निकास द्वार भी उपलब्ध हैं। मोटर शो आम जनता के लिए रविवार से 22 जनवरी तक खुला रहेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाहनों की वैश्विक प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर के साथ नई गाड़ियों, कलपुर्जों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 100 से अधिक नई पेशकश किए जाने की उम्मीद है। वाहनों की यह प्रदर्शनी 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के वाहनों के साथ-साथ गाड़ियों से जुड़ी हर चीज देखने को मिलेगी। यानी इसमें वाहन विनिर्माताओं के साथ-साथ कलपुर्जा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, टायर और ऊर्जा भंडारण बनाने वालों से लेकर वाहन सॉफ्टवेयर कंपनियों के उत्पाद देखने को मिलेंगे।दिल्ली के दो और ग्रेटर नोएडा के एक सेंटर में आयोजन- दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम, द्वारका में यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में ऑटो एक्सपो सज गया है। करीब दो लाख वर्ग मीटर के दायरे में फैले भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दुनिया भर की नामचीन ऑटोमोटिव और मोबिलिटी कंपनियां शिरकत कर रही हैं। पहले दिन मीडिया के लिए रखा गया है, जबकि दूसरा दिन कारोबारियों के लिए होगा। रविवार से आम लोग जा सकेंगे। आयोजकों का दावा है कि 22 जनवरी तक चलने वाले आयोजन में मोबिलिटी के भविष्य के लिए एक मंच भी तैयार किया जाएगा। इसमें पांच लाख से ज्यादा लोग शिरकत करेंगे। इस एक्सपो का विषय बियोंड द बाउंड्रीज ( सीमाओं से परे ) रखा गया है।इस दृष्टिकोण का मकसद ऑटोमोटिव और मोबिलिटी क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना है। इसमें टिकाऊ और अत्याधुनिक तकनीकी प्रगति पर जोर दिया जाएगा। इस बार तीन जगहों में यह आयोजित होगा। नई दिल्ली में भारत मंडपम, द्वारका में यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट। इसमें 9 से ज्यादा समवर्ती शो होंगे, जिनमें से प्रत्येक मोबिलिटी पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस बार प्रदर्शनी क्षेत्र 2024 से दोगुना है। लोग दो लाख वर्ग मीटर में फैले हुए क्षेत्र का लुत्फ उठा सकेंगे। इसमें 5,100 से ज्यादा विदेशी प्रतिभागी भी इसमें हिस्सा लेंगे।ये होंगे मुख्य आकर्षण बिंदु- अग्रणी वाहन ओईएम की भागीदारी। इलेक्ट्रॉनिक्स, कनेक्टिविटी, स्वायत्त ड्राइविंग और वैकल्पिक ड्राइव सिस्टम और ईंधन को शामिल करने वाले उन्नत ऑटो घटकों की भागीदारी। अत्याधुनिक बैटरी प्रौद्योगिकी और भंडारण समाधान। शून्य-उत्सर्जन और इलेक्ट्रिक वाहन ( ईवी ) निर्माण उपकरणों का प्रदर्शन। एशिया के प्रथम हाइड्रोजन दहन निर्माण उपकरण का अनावरण ।सॉफ्टवेयर ऑन व्हील्स पहल। स्मार्ट टायर से रूबरू होने का मौका। इनमें इनबिल्ट सेंसर लगे होंगे व टिकाऊ सामग्रियों से बनाया गया है। विशेष ईवी टायर भी उपलब्ध हैं। नवीन इस्पात ग्रेड और उत्पादन विधियों के माध्यम से इस्पात प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति। डी-कार्बोनाइजेशन, सर्कुलरिटी और सड़क सुरक्षा पर अलग अलग मंडप होंगे।भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो आम लोगों के लिए रविवार को खुलेगा। प्रवेश निशुल्क है। इसमें जाने के लिए आगंतुक दो प्रवेश द्वारों के जरिए भारत मंडपम तक पहुंच सकते हैं, सुविधा के लिए दो अलग-अलग निकास द्वार भी उपलब्ध हैं। मोटर शो आम जनता के लिए रविवार से 22 जनवरी तक खुला रहेगा। आयोजकों ने आगंतुकों को सलाह दी है कि बड़े हैंडबैग, ब्रीफकेस, बड़े महिलाओं के हैंडबैग, बैकपैक, पैकेट आदि न लाएं, क्योंकि यहां कोई क्लॉक रूम उपलब्ध नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, %भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आप कल्पना करें को जब भारत विश्व की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, तब भारत का ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर की भी अभूतपूर्व विस्तार की यात्रा होने वाली है।%प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पीएम मोदी ने शुक्रवार को ऑटो एक्सपो का उद्घाटन भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12त्र की दर से आगे बढ़ी है। इतनी कई देशों की आबादी नहीं है, जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आप कल्पना करें को जब भारत विश्व की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, तब भारत का ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर की भी अभूतपूर्व विस्तार की यात्रा होने वाली है।%प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कभी भारत में गाड़ियां न खरीदने का एक कारण अच्छी और चौड़ी सड़कों का अभाव था। पिछले वर्ष के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रखे गए थे। आज भारत में मल्टी लेन हाईवे का, एक्सप्रेसवे का जाल बिछ रहा है।इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी %भारत मोबिलिटी एक्सपो% में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में भी ये एक्सपो चल रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले 5-6 दिनों में बहुत बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे। अनेक नई गाड़ियां भी यहां लॉन्च होने वाली हैं। ये दिखाता है कि भारत में मोबिलिटी के भविष्य को लेकर कितनी सकारात्मकता है। आज का भारत आकांक्षाओं से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। यही आकांक्षाएं हमें भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है। बीते साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री करीब 12त्र की ग्रोथ से आगे बढ़ी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुए अब निर्यात भी बढ़ रहा है।

विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है।उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मैंने मोबिलिटी से जुड़े एक कार्यक्रम में 7ष्ट के विजन की चर्चा की थी। हमारे गतिशीलता समाधान ऐसे हैं, जो आम हो, कनेक्टेड हो, सुविधाजनक हो, भीड़ से मुक्त हो, चार्ज्ड हो, साफ हो और कटिंग एज हो। आज हरित प्रौद्योगिकी, ईवीएस, हाइड्रोजन ईंधन, जैव ईंधन और ऐसी ही प्रौद्योगिकी के विकास पर हमारा काफी फोकस है। ऑटोमोटिव उद्योग नवाचार और प्रौद्योगिकी संचालित है। इनोवेशन हो, टेक हो, स्किल हो या फिर डिमांड, आने वाला समय पूर्व का है, एशिया का है, भारत का है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेपी नड्डा ने BJP का संकल्प पत्र किया जारी, पहले भाग में बुजुर्गों-महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा

दिल्ली में विधानसभा के लिए नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी के संकल्प पत्र का पहला भाग जारी कर दिया है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर एक साथ 5 फरवरी को मतदान होंगे और 8 फरवरी को मतगणना है।जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर यह सभी योजनाएं एमसीडी इलाके के साथ-साथ एनडीएमसी और दिल्ली छावनी बोर्ड के इलाके में भी लागू होंगी। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान केजरीवाल ने लोगों को गुमराह किया। ऑक्सीजन की व्यवस्था नहीं की और अपना शीशमहल बनाने में लगे रहे। जेपी नड्डा ने कहा कि 60 से 70 साल के लोगों की पेंशन में 500 रुपये की बढ़ोतरी की जाएगी और 70 साल से अधिक उम्र के लोगों और अन्य श्रेणी के लोगों को ढाई हजार के बजाय 3 हजार रुपये पेंशन दी जाएगी। अटल कैंटीन योजना लॉन्च की जाएगी इसके तहत झुग्गी झोपड़ी इलाके में 5 रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कोराना आपदा के दौरान दिल्ली की आप-दा सरकार ने पूर्वांचल के लोगों को दिल्ली से बाहर करने का कार्य किया था। उन्होंने बसों में आनंद विहार बस अड्डे पर छोड़ दिया था। पार्टी सरकार के मोहल्ला क्लीनिक को फर्जी स्वास्थ्य सेवा करार दिया।

## मनु भाकर-गुकेश सहित चार को मिला खेल रत्न, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए खेल पुरस्कार



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में खेल पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी मौजूद रहे। पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में खेल पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। खेल मंत्रालय द्वारा जनवरी के शुरुआती सप्ताह में खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की गई थी और राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। मनु और गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। मनु-हरमनप्रीत ने ओलंपिक, गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप में किया प्रभावित- 22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको को लाइफटाइम वर्ग में शामिल हैं।

## एक्सपायरी स्लाइन चढ़ाने से हुई थी गर्भवती महिला की मौत, सीएम ममता का एक्शन; 12 डॉक्टर निलंबित



पश्चिम बंगाल के मिदनापुर मेडिकल कॉलेज में बीते दिनों गर्भवती महिला की मौत का कारण डॉक्टरों की लापरवाही बताई जा रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि महिला की मौत एक्सपायरी स्लाइन चढ़ाने से हुई। इसको लेकर सीएम ममता बनर्जी ने एक्शन लेते हुए 12 डॉक्टरों को निलंबित करने का फैसला किया है। मिदनापुर में गलत स्लाइन चढ़ाने से हुई गर्भवती महिला की मौत के मामले में प. बंगाल सरकार ने बृहस्पतिवार को मिदनापुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के 12 डॉक्टरों को निलंबित कर दिया। आरोप है कि प्रसव के बाद एक्सपायरी सलाइन चढ़ाने से महिला की मौत हो गई और 4 अन्य लोग बीमार पड़ गए। निलंबित डॉक्टरों में अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक और उप प्राचार्य ( एमएसवीपी ), आरएमओ और 6 स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सर्जरी के बाद बीमार पड़ी 5 गर्भवती महिलाओं में से 3 की हालत गंभीर है। तीनों को कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीआईडी को डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं। घटना की निंदा करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार मृतक महिला के परिवार को 5 लाख रुपये का मुआवजा और सरकारी नौकरी भी देगी। बनर्जी ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण और भावुक करने वाली घटना है और हमारी सरकार इसका समर्थन नहीं करती है। अगर डॉक्टरों ने अपना कर्तव्य ठीक से निभाया होता तो गर्भवती महिला और नवजात को बचाया जा सकता था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन थिएटर के अंदर भी सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए। क्या है मामला? -बीते दिनों पश्चिम बंगाल के मिदनापुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ( एमएमसीएच ) में बच्चों को जन्म देने के बाद एक महिला की मौत हो गई थी। मृतक महिला के परिजनों का आरोप है कि उसे गलत फ्लूड दिया गया था, जिसके चलते उसकी मौत हुई। परिजनों ने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई। वहीं आरोपों के बाद बंगाल के स्वास्थ्य विभाग ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और इसके लिए 13 सदस्यों की एक समिति का गठन भी किया ।

## संपादकीय Editorial

### Sorting out bus routes

Ultimately, it has to be accepted that many routes of HRTC are useless or the government transport services have bent their financial back by carrying the brunt of politics. The number of government buses incurring losses may be 3180 or they are being operated through 31 bus depots, but the transport of hopes is choosing other options. In such a situation, if 275 of the loss-making routes are being handed over to private operators, then it confirms that government undertakings can shoulder their responsibility only up to a limit. Obviously, at present the route permits are being sorted out, but if the same process of sorting out is carried out up to the structure, then unnecessary expenses can be avoided. The qualitative aspect of the property will have to be strengthened in the count of buses, bus depots and bus stands of the Transport Corporation. That is, the quantitative strength of the buses and bus depots will have to be made beneficial in the proper use of the property. Of course, clubbing of buses on long routes can affect the number of passengers, but before that, there should be several types of structural sorting. There is no dearth of possibilities for Himachal Transport at present, otherwise the number of private Volvo buses from Shimla, Manali and Dharamshala would not have increased continuously. This is the challenge of the service sector which the private sector understands and complies with very well. Any bus route can be successful under compulsion, but to run a bus successfully, its condition and operation will have to be looked into. It is being seen that the condition of leased or HRTC's own buses is not such that passengers prefer them for long route travel. In comparison, private Volvo buses have made themselves a priority because there the passenger is made to feel that the said bus service is being run because of them. The reason for HRTC bus and bus permit was visible in that green flag, which gave a bouquet to the desire of an MLA. In such a situation, first of all, government buses will have to be pitted against private buses. Secondly, the number of existing bus depots should either be halved or their capacity and relevance should be evaluated. These new bus depots, in their struggle for existence, are encroaching upon the routes of the already established bus depots. There was a time when long routes were run with the help of bus depots like Baijnath, Mandi, Shimla, Parwanoo, Pathankot, Una, Kullu, Nahan and Bilaspur, but now every assembly constituency needs this. For the efficient operation of HRTC, long route buses will have to be run from the perspective of tourist buses. CTU, Haryana Roadways and Rajasthan Transport have made many such efforts. Himachal will have a connection with road transport and HRTC's public role has been proved in this necessity, but now travel is a need of the changing lifestyle. If HRTC develops its bus depots as modern malls, then many forms of tourism and market will emerge. If this is decided in the possibilities of private investment, then it can convert fifty to hundred small and big bus depots in the entire state into modern shopping malls and entertainment places. HRTC will have to reactivate its freight wing and also start intercity non-stop buses. With the number of private vehicles increasing significantly in Himachal, there is a need for public transport that adds convenience to the local bus service at least in the district headquarters. However, it is heartening that loss-making enterprises like HRTC have started trying to see how to bring about 'system change'. Along with improving government buses, a plan will have to be made to add some goals to the private sector in the overall transport.

# Maha Kumbh 2025: A Himalayan resolve for cleanliness among crores of devotees, a confluence of modern technology and service spirit

Special attention is being paid to cleanliness in Maha Kumbh 2025. According to government data, more than 5 crore devotees have taken a dip in the Sangam in the first two baths, yet the fair area is clean. Cleanliness has also been linked to digital medium, so that 1.5 lakh toilets installed in the fair area spread over 4200 hectares can be monitored. In the Kumbh Prayagraj of the year 2019, when Prime Minister Narendra Modi washed the feet of the sanitation workers and said - 'Kumbh has been identified as a clean Kumbh due to the contribution of sanitation workers, the biggest contribution in making the divine Kumbh grand is of the sanitation workers', this news made headlines in the national and international media. This time also when the Prime Minister came to Maha Kumbh Prayagraj on 13 December for Sangam Pujan, he discussed the big role of cleanliness in making a divine and grand event like Maha Kumbh successful. The first two major bathings have passed in the world's largest fair Maha Kumbh and according to government figures, more than 5 crore devotees have taken a dip in the Sangam. Despite such a large number of devotees coming, there is no lack of cleanliness in the fair area. Not only are the ghats of Ganga, Yamuna and Sangam looking clean, but the sanitation workers are paying special attention to cleanliness on the roads 24 hours a day. The Yogi government of Uttar Pradesh has been focusing on cleanliness in the Maha Kumbh fair since the beginning. Its extensive preparations are being seen in the fair area for the last several months. This time cleanliness has also been linked through digital medium, so that the 1.5 lakh toilets installed in the fair area spread over an area of ??4200 hectares can be monitored. To ensure that there is no shortage in the cleanliness of toilets, more than 2500 Ganga Sevadoots are deployed with mobile phones, who make arrangements for the cleanliness and hygiene of the toilets through bar code scan. Toilets are being cleaned immediately with jet spray. ICT (Information and Communication Technology) based monitoring system has been activated for the cleanliness system. More than 15 thousand sweepers are deployed in the fair area. Whenever you go out in the Maha Kumbh Mela area, you will see sweepers sweeping, picking up garbage and cleaning the ghats at various places. 40 compactors and 120 tippers are running day and night in the fair area to pick up garbage. More than 25 thousand garbage bins have been kept. The government's arrangements seem strong to ensure that polluted water does not go into Ganga, Yamuna and Sangam. Drainage lines more than 200 kilometers long have been laid. Apart from this, the government has set up two new FSTPs (Faecal Sludge Treatment Plants), three temporary and 10 permanent STPs (Sewage Treatment Plants) so that the water remains clean. The government has also established Swachh Kumbh Fund for sanitation workers, under which 6 schemes including insurance and health are being run for 15 thousand sanitation workers. Residential arrangements (sanitation colony) for sanitation workers, school (Vidya Kumbh) for their children and Anganwadi centers are being provided. To ensure that the sanitation workers do not face any financial problems, funds are being transferred to their accounts every 15 days. Plastic is also a big issue related to cleanliness. This time the Maha Kumbh Mela area has been declared plastic free. Shops of Kulhad, Dona-Pattal and cloth and jute bags have been opened in all 25 sectors. The promotional material used in the fair is also plastic free. The government has started public awareness and behavior change activities on a large scale to not use plastic. Rashtriya Swayamsevak Sangh has also participated in this campaign with great enthusiasm. The Sangh has collected 50 lakh steel plates and cloth bags from all over the country and sent them to the Maha Kumbh area. Akharas have resolved to make the Maha Kumbh fair plastic free. The Uttar Pradesh government says that 45 crore devotees and tourists from the country and abroad are going to come to the Maha Kumbh. Looking at such a large number of people, the resolution of a clean Maha Kumbh is no less than a challenge as big as the Himalayas. After the first two major baths, the fair administration will definitely review its preparations once, but the way the sanitation workers, Ganga Sevadut and the fair administration are engaged in making the fair area spread over 4200 hectares clean and tidy, it is clear that a new experience of cleanliness is being experienced by those coming from the country and the world to take a dip in the holy confluence. The message of clean India is going to go across the country once again from the Maha Kumbh.

## Will the new building change the political fortunes of the Congress?

This indifference or helplessness towards institutional development usually remains when one loses power, as well as when one gains power. Though some other parties have built their buildings in time, the Bharatiya Janata Party seems to be the most alert in this matter. The Indian National Congress, one of the world's oldest and half a dozen political parties still active, got its own building 140 years after its birth. The new and permanent address of the party is now 9A Kotla Road. Why did this experienced party, which ruled the country for 60 years after independence, take so many years to build its own office, is also a subject of research in itself. Some people believe that the main objective of political parties is to remain in power, run the government according to their ideology and do public welfare work, not to build buildings. Work can be done from anywhere. What and how it is being done is more important. In other words, most political parties are careless in giving an institutional shape to the organization. Their work continues on an adhoc basis. In such a situation, building or not building does not matter much. This indifference or helplessness towards institutional development usually remains when they lose power, as well as when they gain power. Though some other parties have built their buildings in time, but the most alert in this matter seems to be the Bharatiya Janata Party, which built its luxurious office in the country's capital 38 years after its establishment, if we include the predecessor Jan Sangh in this, then after 67 years. Of course, whether political work is carried out from one's own office or a rented house, this may seem secondary in terms of long-term goals, but there is no doubt that the party's own well-equipped office provides a different kind of confidence and assurance not only to the leaders but also to the workers of the concerned party. This thing is even more important in the context of Congress, because it has been a mainstream party of this country for about 150 years and is still the largest opposition party. There are only a few parties in the world which were founded in the beginning or the latter half of the 19th century and still maintain their political relevance. Prominent among them are the Democratic Party and Republican Party of America, Conservative and Liberal Party of Britain. In the rest of the democratic countries of the world, political parties were formed mostly in the beginning of the 20th century. In some countries, even if party democracy started in the 19th century, those parties have now disappeared from the political map. If we talk about Congress, then it has been the main stream of the struggle for independence from the British in India. It itself was born as a movement and continued to play a central role till independence. Congress was founded on 28 December 1885 in Bombay (now Mumbai). But from then till 15 August 1947, it did not have its own permanent office. It is believed that before independence, the work of Congress was run from Anand Bhavan in Allahabad, which was the ancestral residence of the first Prime Minister Pandit Jawaharlal Nehru and was later dedicated to the country by his daughter Mrs. Indira Gandhi. Even before Anand Bhavan, Congress's work was being conducted from different places. Because liberating the country was the biggest goal. But the surprising thing is that even after gaining independence and being in power for a long time, Congress did not feel that it should have its own office. According to the information available, from independence till the construction of the new building, the Congress office was run at five places. During this time, the country saw 6 Prime Ministers of Congress. After Anand Bhavan, the Congress office was run from 7 Jantar-Mantar, Delhi, which remained till 1969, till the first split of Congress. After this, the Congress office shifted to Windsor Place, which was the residence of the then Congress leader M.V. Krishna. In 1971, the Congress office moved from there to 5 Rajendra Prasad Road. After the defeat of Congress in the 1977 general elections, the Congress office shifted to 24 Akbar Road in 1978, which remained there till the new building was inaugurated. This was the residence of Congress MP G Venkatasamy, who had joined Indiraji during the partition. Indira Gandhi then entered this new office with her 20 supporters, while the party's 5 Rajendra Prasad Road was occupied by the Morarji Desai faction of the Congress. It is said that former Prime Minister Rajiv Gandhi wanted to build a modern party building at 5 Rajendra Prasad Road in Delhi in 1985 (the centenary year of the Congress establishment). For this, Congress MPs were also asked to donate one month's salary. But Rajiv Gandhi's assassination in 1991 changed everything. Later in the UPA 2 regime, the Union Urban Development Ministry allotted a four-acre plot to the Congress for building a building under new rules. At the same time, land was also allotted to the BJP for building a headquarters building. The foundation stone of the new Congress building was also laid in 2013, when the political climate of the country was changing. In the next general elections, the Congress was badly ousted from power. But even while being in opposition, the party was able to build its building in 12 years. If we compare it with BJP, the first thing it did as soon as it formed a government with full majority at the center was to build its building. This building at 6 Deendayal Marg was completed in 14 months. It has been named Bharatiya Janata Party Bhawan instead of any person. Although its cost is less, it is more expensive. It is not clear how much it is, but Congress leader Kamal Nath had alleged that BJP spent Rs 700 crore on the construction of the headquarters. Whereas Rs 292 crore has been reported to have been spent on the new Congress headquarters. But it is better late than never. Congress's new building has been built and inaugurated. But the ruckus is not leaving here either. The new building has been named 'Indira Bhawan'. Many people have objections to this too. It is being said that the party could have at least given the credit for the naming to a non-Gandhi. Because Indiraji has no contribution in building this building. This is also because the party is currently running a movement to save the Constitution and insult Ambedkar. Whereas BJP has been accusing late Indiraji of insulting the Constitution and changing it. If the party wanted, it could have named the new building as Congress Bhawan, which would have included all the leaders and workers who contributed to building the Congress. Even if we consider the question of when a political party's headquarters is built or not as secondary.

# अंडर पास न बनने पर किसानों ने रोका रिंग रोड का निर्माण कार्य, मांगों को लेकर 6 दिन से धरने पर बैठे



मुरादाबाद। मुरादाबाद। भटावली गांव से होकर जा रहे रिंग रोड का कार्य भारतीय किसान यूनियन टिकैत के किसानों ने रोक दिया है। किसान भटावली गांव में अंडर पास बनने की मांग कर रहे हैं। किसान अपनी मांग को लेकर कड़ाके की सर्दी में 6 दिन से धरने पर बैठे हैं। किसानों की आस्था बतावाली गांव में धार्मिक स्थल और कब्रिस्तान से भी जुड़ी है। अंडरपास न बनने के कारण आसपास के किसान अपने खेत तक नहीं पहुंच पाएंगे। जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। काफी लंबे समय से गांव में चकबंदी ना होने के कारण भी किसानों के खेत एक दूसरे के खेत से जुड़े हैं। मौके पर पहुंचे एनएचएआई के परियोजना निदेशक और जिले के अन्य अधिकारियों से किसानों ने मांगे पूरी न होने तक धरना खत्म करने की बात से इनकार कर दिया है।मनरेगा से पक्के निर्माण कार्यों से रोक हटाने की मांग-मुरादाबाद। बिलारी ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी ने गांवों में मनरेगा से होने वाले पक्के निर्माण कार्यों पर रोक लगा रखी है। चार महीने पहले कुछ गांवों में 12 फर्जी आईडी बनाकर विकास कार्य प्रक्रिया में इस्तेमाल करने का मामला पकड़ में आने के बाद पूरे ब्लॉक में पक्के निर्माण कार्य बंद कर दिए थे। जिससे ग्रामीण और प्रधान दोनों परेशान हैं। ग्राम प्रधानों ने उपायुक्त मनरेगा आरपी भगत से मिलकर विकास कार्य सुचारु कराने की मांग की। गुरुवार को विकास भवन स्थित डीसी मनरेगा आरपी भगत के कार्यालय में बिलारी ब्लॉक के ग्रामीण करतार सिंह के साथ कुछ ग्राम प्रधान भी पहुंचे। उन्होंने डीसी मनरेगा से मनरेगा में बंद पड़े पक्के विकास कार्यों को शुरू कराने की मांग की। उन्होंने कहा जिन पंचायतों में विकास कार्य के टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी पकड़ी गई थी। उनको प्रतिबंधित कर अन्य गांवों में पक्के विकास से रोक हटा दी जाए। जिस पर में डीसी मनरेगा ने दस दिन में पक्के विकास कार्य खोलने का आश्वासन दिया है।

# तीन फर्मों में पकड़ी कर चोरी, मौके पर जमा कराए 109 लाख रुपये

## एसआईबी की टीम ने मुरादाबाद की दो व बिजनौर की मेंथा और निर्यात फर्म में की छापेमारी




मुरादाबाद। वाणिज्य कर विभाग की एसआईबी टीम ने जीएसटी कर चोरी के मामले में छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है। अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर आरएस द्विवेदी के नेतृत्व में गुरुवार को तीन टीम गठित की गई। एसआईबी की टीम ने मुरादाबाद की दो व बिजनौर की एक फर्म में छापेमारी कर बड़े पैमाने पर कर चोरी पकड़ी। टीमों ने तीनों फर्म स्वामियों से मौके पर ही 109 लाख रुपये वाणिज्य कर के रूप जमा कराया। गुरुवार को दो टीमों ने मुरादाबाद की मेंथा व एक्सपोर्ट फर्म में छापा मारकर कर चोरी पकड़ी। यहां 80 ड्रम मेंथा ऑयल और 65 ड्रम मेंथा क्रिस्टल मिला। दूसरी टीम ने निर्यात की एक्सपोर्ट फर्म पर छापेमारी की जहां फर्म स्वामी द्वारा टर्नओवर के सापेक्ष वाणिज्य कर बहुत कम जमा करना पाया। मंडल के जिला बिजनौर में आईटीसी कंपनी के व्यापार करने के लिए अधिकृत फर्म के खाते खंगालने पर खरीद के सापेक्ष नकद भुगतान लेकर वाणिज्य कर चोरी करने का मामला पकड़ में आया। छापेमारी की कार्रवाई के दौरान तीनों फर्म स्वामियों से टीम ने 1 करोड़ 9 लाख रुपये वाणिज्य कर के रूप में जमा कराया है। गुरुवार को मुरादाबाद और बिजनौर स्थित फर्म के द्वारा वाणिज्य कर चोरी करने की जानकारी पर मुरादाबाद स्थित एक मेंथा और एक्सपोर्ट व्यापारी की फर्म पर एसआईबी की टीम पहुंची। जहां वाणिज्य कर चोरी के मामले की जांच में टीम ने फर्म के रिकॉर्ड खंगाला। जिसमें व्यापारियों द्वारा बोगस खरीद करते हुए आईटीसी क्लेम की जा रही है लेकिन खरीद के सापेक्ष बिक्री कम दिखाई जा रही थी। कैश के रूप में नकद धनराशि जमा किया जा रहा है। मेंथा व्यापारी के यहां जांच के दौरान 80 ड्रम मेंथा आयल और 60-65 ड्रम मेन्थॉल क्रिस्टल के रूप में मिला। जो कि कहीं रिकॉर्ड में दर्ज नहीं था। जांच के दौरान व्यापारी ने वाणिज्य कर के रूप में 30 लाख रुपये जमा किए। वहीं मुरादाबाद में ही दूसरी टीम ने एक और एक्सपोर्ट फर्म में पहुंच कर छापेमारी की। जिसमें व्यापारी के द्वारा टर्नओवर के अनुसार कर बहुत कम जमा किया जा रहा था। वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में ऐसी फर्मों से खरीद दिखाई गई है, जिसका पंजीकरण पूर्व में ही निरस्त है। फर्म स्वामी ने जांच के चलते 45 लाख रुपये मौके पर जमा किये। वहीं बिजनौर स्थित आईटीसी कंपनी के माल के लिए अधिकृत एक अन्य फर्म के डेटा भी खंगाला। जिसके नाम पर व्यापारी लगातार माल की बिक्री कर रहा था। लेकिन, परन्तु टर्नओवर बहुत कम दिखाया जा रहा था। खरीद के अनुरूप बिक्री न दिखाते हुए नकद धनराशि जमा की रही है।इस फर्म की जांच, विशेष अनुसंधान शाखा की इकाई-बिजनौर से कराई गई। जांच के समय बड़े पैमाने पर कर चोरी पाए जाने पर व्यापारी से टीम ने वाणिज्य कर रूप में 34 लाख रुपये जमा कराए। विभागीय जांच में तीनों फर्मा द्वारा अधिक मात्रा में वाणिज्य कर चोरी करने का मामला पकड़ में आया।तीनों फर्म स्वामियों ने जांच के दौरान कुल 1.09 करोड़ की धनराशि जमा कराई है। अपर आयुक्त ग्रेड-1 आरएएस द्विवेदी, संयुक्त आयुक्त विशेष अनुसंधान शाखा एसपी तिवारी, संयुक्त आयुक्त मिलिंद राज, संयुक्त आयुक्त प्रीति शर्मा के नेतृत्व में तीनों फर्मों पर कार्रवाई की गई। टीम में उपायुक्त एसआईबी रेंज-ए धर्मेन्द्र कुमार सचान, उपायुक्त रेंज-बी विकास बहादुर चौधरी, उपायुक्त बिजनौर पुष्पेष सिंह, सहायक आयुक्त एसआईबी रणन्जय यादव एवं अखिलेश कुमार, भानुप्रताप, अनिल शर्मा, राजकुमार, भूपेन्द्र, ओमशांति, देवेन्द्र कुमार, राज्य कर अधिकारी व अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# तेज़ रफ़्तार कार ने दूल्हे की कार में मारी टक्कर, भाभी और बहन घायल...मौके पर जुटी भीड़ ने चालक को पीटा

## मौके पर जुटी भीड़ ने चालक को पकड़ कर की पिटाई, पुलिस को सौंपा, हादसे की वजह से दिल्ली रोड पर लगा जाम, राहगीरों को हुई परेशानी



मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र में दिल्ली रोड पर मझोली चौराहे के पास गुरुवार की रात 9ः30 बजे दूल्हे की गाड़ी में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दूल्हे की भाभी और ममेरी बहन घायल हो गईं। जिसके बाद चालक ने वहां से कार दौड़ाने की कोशिश की तो आगे चलकर पुलिया से कार टकरा गई। मौके पर जुटी भीड़ ने चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। इस हादसे की वजह से दिल्ली रोड पर काफी तक जाम लगा रहा। थाना मझोला क्षेत्र के मझोली चौराहे के पास रहने वाले अमन की गुरुवार की रात बरात जा रही थी। शादी समारोह का आयोजन खुशहालपुर स्थित बैंक्वेट हॉल में था। घर से अमन बैंक्वेट हॉल में जाने के लिए तैयार हुआ था। वह घर के बाहर दिल्ली रोड पर खड़ी गाड़ी में बैठ गया। इस गाड़ी में उसकी भाभी पूजा पत्नी लकी और ममेरी बहन पूजा समेत परिवार की अन्य महिलाएं और बच्चे बैठे थे। गुरुवार की रात लगभग 9ः30 बजे चौधरी चरण सिंह चौक से लोकोशेड पुल की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने दूल्हे की गाड़ी में टक्कर मार दी। इस हादसे में दूल्हे की भाभी पूजा और ममेरी बहन पूजा घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। टक्कर मारने वाले कार चालक ने तेजी से कार दौड़ा दी तो उसकी चपेट में एक बाइक सवार आने से बाल बाल बच गया। इसके बाद कार पार्श्वनाथ प्लाजा के सामने पुलिया से टकरा गई। इसी बीच लोग वहां जुट गए और उन्होंने कार चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। इस हादसे के बाद दिल्ली रोड पर दोनों ओर जाम लग गया। सूचना मिलने पर मझोला थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और कार चालक को हिरासत में ले लिया है।

# टैक्स वसूली में अड़चन बनी जीआईएस सर्वे की लंबित आपत्तियां, नगर निगम की बोर्ड बैठक में भी उठा था मुद्दा

## अभी भी लंबित हैं 700 से अधिक आपत्तियां, जोन वार लगे शिविर के बाद भी कई क्षेत्रों में लोग इसके चलते गृहकर व जलकर जमा नहीं कर रहे हैं




मुरादाबाद। जीआईएस सर्वे की आपत्तियों के निस्तारण में शिथिलता से टैक्स वसूली में अड़चन बनी है। टैक्स निर्धारण का मुद्दा 7 जनवरी को हुई नगर निगम बोर्ड की बैठक में भी हावी रहा था। वार्ड 40 के पार्षद ने मनमाने तरीके से टैक्स वसूली करने का आरोप मढ़ा था तो कई पार्षदों ने आपत्तियों के निस्तारण में ढिलाई से टैक्स वसूली प्रभावित होने का मुद्दा उठाया था। अब वित्तीय वर्ष के बचे शेष दिनों में टैक्स वसूली का लक्ष्य हासिल करने के लिए इन आपत्तियों के निस्तारण में तेजी लानी होगी। महानगर के 70 वार्डों में जीआईएस सर्वे के आधार पर टैक्स निर्धारण के बाद आई आपत्तियों के लिए सभी 8 जोन में रोस्टर के अनुसार शिविर भी लगे। इसमें निगम के अधिकारियों ने आपत्तियों का निस्तारण भी किया लेकिन, अभी भी 700 से अधिक आपत्तियां लंबित हैं जिससे लोग गृहकर व जलकर जमा करने से कतरा रहे हैं। वह अपनी आपत्तियों के निस्तारण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। निगम प्रशासन की ओर से 31 दिसंबर तक टैक्स में छूट भी दिया था। वहीं अब आपत्तियों के निस्तारण तक छूट लागू करने की बात कई पार्षदों ने भी की है। यदि आपत्तियों के निस्तारण में शिथिलता बनी रही तो मार्च के अंत तक निगम को शासन से निर्धारित 67.66 करोड़ रुपये के गृहकर व जलकर की वसूली पर असर पड़ेगा। हालांकि कर वसूली बढ़ाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों ने कर अधीक्षकों व राजस्व निरीक्षकों को तेजी लाने का निर्देश दिया है। अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार ने बताया कि जीआईएस सर्वे की 2535 आपत्तियां आईं थीं। जिसमें से 1800 आपत्तियों का निस्तारण हो गया है। शेष आपत्तियों के निस्तारण में भी तेजी लाई जाएगी। 15 जनवरी तक सभी राजस्व निरीक्षकों को बकायेदारों को गृहकर व जलकर का बिल हर हाल में देने का निर्देश दिया था। जिसकी लापरवाही मिलेगी उसके खिलाफ कार्रवाई भी होगी। टैक्स वसूली का लक्ष्य हर हाल में हासिल किया जाएगा।

# स्कॉर्पियो सवार युवक ने किशोरी का अपहरण कर किया दुष्कर्म

## घटना के 2 घंटे के बाद कार से धकेलकर आरोपी फरार,आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मुरादाबाद। कोतवाली के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी मंगलवार की सुबह 10 बजे घर से कूड़ा डालने जा रही थी। इस बीच रोड किनारे स्कार्पियो सवार ने किशोरी को खींच लिया। किशोरी के साथ कार में दुष्कर्म किया। किशोरी के रोने और शोर मचाने पर आरोपी युवक ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौंज भी की इतना ही नहीं बल्कि मोबाइल से अश्लील वीडियो भी बना ली। करीब दो घंटे तक किशोरी को हवस का शिकार बनाने के बाद गांव के निकट बाहर श्मशानघाट के पास कार से धक्का देकर फरार हो गया। पीड़ित किशोरी घर पहुंची तो उसकी मां गन्ना छीलने गई थी। जबकि पिता उत्तराखंड के रामनगर मंडी में मजदूरी करने गया था। मां के घर वापस आने पर किशोरी ने आपबीती बताई। किशोरी ने बताया कि स्कार्पियो कार में रखे विजिटिंग कार्ड पर एक आरोपी का नाम राशिद पुत्र आबिद हुसैन निवासी ग्राम पानूवाला थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद लिखा था। मां ने बेटी के साथ दुष्कर्म की सूचना उसके पिता को दी। घटना की सूचना मिलने पर पिता रामनगर से घर वापस आए और बेटी को लेकर बुधवार की देर रात कोतवाली पहुंचे। बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने व कार से अपहरण कर किशोरी के साथ दुष्कर्म होने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने बीती रात ही राशिद पुत्र आबिद हुसैन के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर जांच की तो ग्राम पानूवाला में राशिद का मोबाइल नंबर बंद हो गया। इसके आधार पर पुलिस ने पानूवाला से दो लोगों को रात में ही हिरासत में लेकर थाने मे पूछताछ की। गुरुवार की सुबह पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, एएसपी अमरिंदर सिंह प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा के साथ फारेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। एएसपी अमरिंदर सिंह ने बताया कि राशिद पुत्र आबिद हुसैन के विरुद्ध अपहरण कर दुष्कर्म, एससीएसटी एक्ट और पाक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। आरेपी की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

दवाई लेने गई युवती का अपहरण कर किया

## संक्षिप्त समाचार

# कटघर में बनेगा बैंक्वेट हॉल और पार्किंग, एयरपोर्ट पर लगेगा राष्ट्रीय ध्वज...कमिश्नर की अध्यक्षता में हुई बैठक



मुरादाबाद। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा कटघर में बैंक्वेट हॉल व पार्किंग बनाने और एयरपोर्ट पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने की मंजूरी दी गई। बैठक में मंडलायुक्त ने मार्च तक स्मार्ट सिटी के सभी प्रोजेक्ट को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही जो प्रोजेक्ट पूरे हो गए हैं उनकी आर्थिक उपयोगिता के लिए व्यवस्था बनाने के लिए कहा। मेटल हैंडीक्राफ्ट सर्विस और ब्रास फर्नेस सेंटर को तत्काल सक्रिय करने का मंडलायुक्त ने निर्देश दिया। बैठक में स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, एसीईओ व अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार सहित निदेशक मंडल के अन्य सदस्य आदि मौजूद रहे।

# प्रेमी संग शादी की जिद पर अड़ी युवती को भाइयों ने बनाया बंधक

## तीन भाइयों के खिलाफ दर्ज कराई जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट, पुलिस ने युवती को प्रेमी और उसके परिजनों के साथ भेजा

मुरादाबाद। प्रेमी के साथ शादी की जिद पर अड़ी युवती को भाइयों ने बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट की। युवती ने एसएसपी को ट्वीट कर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर युवती को बंधनमुक्त कराया और उसके प्रेमी व परिजनों को बुलाकर युवती को उनके हवाले कर दिया। वहीं युवती की तहरीर पर पुलिस ने तीनों भाइयों के खिलाफ जान से मारने के धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला सराय फारूक निवासी पूर्व सभासद की बहन साधना का थाना पाकबड़ा क्षेत्र के गांव मोढ़ा तैय्या निवासी युवक गौरव पुत्र वीर सिंह से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। बालिग होने पर युवती ने अपनी शादी गौरव करने की बात अपने परिवार को बताई तो यह बात सुनकर युवती के तीनों भाई आग बबूला हो गए और बहन को बंधक बना लिया। साथ ही मार-पीट शुरू कर दी युवती को बंधक बनाने की बात मोहल्ले में आग की तरह फैल गई।युवती ने मौका पाकर एसएसपी को ट्वीट करके पूरे मामले से अवगत कराया। युवती ने पुलिस को बताया कि वह गौरव से काफी समय से वह प्रेम करती है और उसी से शादी करना चाहती है। अपनी शादी को लेकर जब परिवार के लोगों से बात की तो को बताई तो पूर्व सभासद मोनू, सचिन और प्रिंस तीनों भाई आग बबूला हो गए और उसके प्रेमी व ससुराल वालों को जान से मारने की धमकी देकर उसे घर में कैद कर लिया और बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया। भाइयों की मार-पीट से तंग आकर उसने एसएसपी को ट्वीट करके अपनी व अपने प्रेमी के परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि युवती अब बालिग है और अपने प्रेमी गौरव से शादी करके अपनी ससुराल में रहना चाहती है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने लड़के पक्ष को बुलाकर लड़की के परिवार वालों की सहमति से प्रेमिका को प्रेमी के हवाले कर दिया। दूसरी ओर युवती ने अपनी व अपने पति व ससुराल वालों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तीनों भाइयों मोनू, सचिन और प्रिंस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज जिला महिला चिकित्सालय 100 शैय्या प्रसूति गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित मरीजों से हाल-चाल पूछा तथा दवाई एवं जांचों की निशुल्क व्यवस्था की जानकारी ली, जिस पर रोगियों ने अवगत कराया कि सभी सेवाएं उचित प्रकार से उपलब्ध करायी जा रही हैं। निरीक्षण के समय अस्पताल परिसर व एसएनसीयू ( नवजात शिशु देखभाल इकाई ) की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और फायर एक्सटिंग्विशर की एक्सपायरी डेट को भी बारीकी से देखा गया और आग से बचाव हेतु स्मोक डिटेकटर भी लगा हुआ पाया गया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि अग्नि सुरक्षा से संबंधित उपकरण समुचित रूप से उपलब्ध रहें तथा समय-समय पर जांच भी की जाए। निरीक्षण के समय अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को भी परखा गया, जहां पर सभी दवाएं उचित मात्रा उचित तापमान में रखी पाई गई और निर्देश दिए गए कि किसी भी कार्य में लापरवाही ना बरती जाए। महिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड करने आई महिलाओं से दवाई, इलाज तथा अल्ट्रासाउंड आदि की जानकारी ली, जिस पर महिलाओं द्वारा बताया गया कि सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध हो रही हैं निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में उपस्थित लोगों से जानकारी ली गई कि यहां पर दवाई उपलब्ध रहती है या फिर बाहर से लेनी पड़ती है, जिस पर लोगों द्वारा बताया गया कि सभी दवाएं अस्पताल से मिलती हैं। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी ने जन्म प्रमाण पत्र की ऑनलाइन पेंडेंसी तथा रजिस्टर को भी देखा और जन्म प्रमाण पत्र बनवाए जाने के कार्य में गति लाये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह अस्पताल के डॉक्टर्स सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# बवाल में पत्थरबाजी करने के दो और आरोपी गिरफ्तार, 24 उपद्रवियों के गैरजमानती वारंट जारी

संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल में शामिल दो और आरोपियों को नखासा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसपी के अनुसार, आरोपियों ने पत्थरबाजी में शामिल होने की बात स्वीकार की है। अब तक 62 उपद्रवी जेल भेजे गए हैं, जबकि 87 वांछित आरोपियों की तलाश जारी है।संभल में 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में शामिल दो आरोपियों को नखासा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों ने पत्थरबाजी में शामिल होने की बात कबूल की है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों में हिंदूपुरा खेड़ा निवासी हसनैन उर्फ रिहान व खग्गू सराय निवासी मोसिन उर्फ मोहसिन शामिल हैं।आरोपी घटना के बाद से अलग-अलग जगह छिपे रहे थे। अब मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तारी की गई है। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने बताया है कि जब उपद्रव हो रहा था तो वह दोनों अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे थे और पुलिस पर पत्थरबाजी की थी। बताया कि उपद्रवियों की पहचान बवाल के दौरान ली गई वीडियो और फोटो के आधार पर हुई है।इन दोनों आरोपियों समेत 62 उपद्रवी जेल भेजे जा चुके हैं। जिसमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। बताया कि अब 87 आरोपी ऐसे हैं जो वांछित चल रहे हैं। उनकी तलाश भी की जा रही है। जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। यदि गिरफ्तार नहीं होते हैं तो गैरजमानती वारंट जारी कराए जाएंगे। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। 450 की फोटो से तलाश की जा रही-24 नवंबर 2024 को बवाल तीन स्थानों पर हुआ था। पहला बवाल जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था। जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था। जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की थी। इसके बाद हिंदूपुरा खेड़ा में बवाल हुआ था। पुलिस के अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था।इन तीनों ही स्थानों पर पुलिस-प्रशासन की ओर से वीडियो बनाया गया था और फोटो भी लिए थे। एसपी ने बताया कि वीडियो और फोटो के आधार पर 450 चेहरे सामने आए हैं। उन चेहरों की तलाश में पुलिस की टीमें काम कर रही हैं। 24 उपद्रवियों के गैरजमानती वारंट जारी-जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए उपद्रव में शामिल उपद्रवियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे बढ़ने लगी है। नखासा थाना क्षेत्र के 24 उपद्रवियों के खिलाफ पुलिस गैरजमानती वारंट न्यायालय से जारी कराए हैं। अब कोतवाली क्षेत्र के उपद्रवियों के खिलाफ भी वारंट जारी कराने की प्रक्रिया जारी है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि 87 उपद्रवी वांछित चल रहे हैं। टीमें तलाश में लगी हैं लेकिन यह उपद्रवी गिरफ्तार नहीं हो सके हैं। इसलिए न्यायालय से गैरजमानती वारंट जारी कराए गए हैं। जो वारंट उपद्रवियों के जारी हुए हैं यह नखासा थाना क्षेत्र के हैं। संभल कोतवाली के जो उपद्रवी वांछित हैं उनके खिलाफ भी गैरजमानती वारंट जारी कराने के लिए प्रक्रिया चल रही है। एसपी ने बताया कि 450 चेहरे फोटो के माध्यम से पहचान करने में टीमें जुटी हैं। जो सीसीटीवी फुटेज या अन्य किसी वीडियो या फोटो के माध्यम से उपद्रव करते हुए कैद हुए हैं। एसपी ने बताया कि उपद्रवियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। एसआईटी लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। मालूम हो 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल शुरू हुआ था। जामा मस्जिद के नजदीक आगजनी, फायरिंग और पत्थरबाजी की गई थी। इसमें पांच आम लोग मारे गए थे। 29 पुलिसकर्मी जख्मी हुए थे। हिंदूपुरा खेड़ा में एसपी और डीएम पर जानलेवा हमला किया गया था। एसपी का कहना है कि जो बवाल में शामिल था उसको जेल भेजा जाएगा। जो बवाल में शामिल नहीं था उसको परेशान होने की जरूरत नहीं है।




दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# विधानसभा का प्रभारी कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर कांग्रेस जनों ने हर्ष वयक्त किया


क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- बरेली आज जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिला महासचिव ब मीडिया प्रभारी जिया उर रहमान ने बताया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शहर विधानसभा से चुनाव लड़े पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कृष्णकांत शर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से दिल्ली विधानसभा चुनावोमें किरारी विधानसभा का प्रभारी कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर कांग्रेस जनों ने हर्ष वयक्त किया सभी ने खुशी का इजहार करते हुए उनको बहुत-बहुत बधाई दी और हाई कमान को धन्यवाद दिया बरेली कागेस के लिऐ यह बडे गौरव की बात है इससे पूर्व भी कृष्णकांत शर्मा उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनावों में सहारनपुर लोकसभा के कोऑर्डिनेटर रह चुके है , बधाई देने वालों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता गुरु जी डॉ के0 बी0 त्रिपाठी , कार्यवाहक प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल , पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नवाब मुजाहिद हसन खा, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी , जिया उर रहमान, ईलयास अंसारी, राजन उपाध्याय, दिनेश दद्दा, कमरुद्दीन सैफी, उल्फत सिंह कठेरिया, मोईद सिद्दीकी, तबरेज खान, पाकिजा खान, उसमान खान आदि कागेस जनो ने बधाई दी



# पाकिस्तानी महिला बनी सरकारी शिक्षक: बरेली में नौ साल से कर रही थी नौकरी, विभाग ने किया बर्खास्त, रिपोर्ट दर्ज

उत्तर प्रदेश के बरेली से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पाकिस्तानी महिला ने फर्जी दस्तावेज लगाकर सरकारी शिक्षक की नौकरी हासिल कर ली। जांच में इसका खुलासा हुआ। शिक्षिका की सेवा समाप्त कर दी गई है। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पाकिस्तानी महिला ने फर्जी दस्तावेज से बेसिक शिक्षक की नौकरी हासिल कर ली। उसने बरेली के फतेहगंज पश्चिमी विकास खंड क्षेत्र में तैनाती भी पा ली। जांच में फर्जीवाड़ा साबित होने के बाद उसे अक्तूबर में निलंबित कर दिया गया था। विभाग ने अब उसकी सेवा समाप्त कर दी है। उसके खिलाफ विभागीय अधिकारियों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जल्द उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है। रामपुर शहर के बजरोही टोला में गली नंबर चार के मकान नंबर 20 की निवासी शुमायला खान पुत्री एसए खान पर यह कार्रवाई हुई है। फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी भानु शंकर गंगवार ने उसके खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में धोखाधड़ी से नागरिकता छुपाने व फर्जी दस्तावेजों से नौकरी हासिल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पाकिस्तानी मूल की है महिला -बताया गया है कि शुमायला खान ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक की नौकरी हासिल कर ली। फिलहाल वह यहां प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थी। उसकी नागरिकता को लेकर शिकायत की गई थी। आरोप था कि वह पाकिस्तानी नागरिक है। इस मामले में विभाग ने उसके प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराया था। एसडीएम सदर रामपुर से अपेक्षा की गई थी कि उनके कार्यालय से जारी बताया जा रहा सामान्य निवास प्रमाणपत्र की जांच करके रिपोर्ट दें। एसडीएम की जांच में साफ हुआ कि शुमायला का यह प्रमाणपत्र त्रुटिपूर्ण है, इसे बनवाने में जानकारी छुपाई गई है और शुमायला वास्तव में पाकिस्तानी नागरिक है। शुमायला खान का प्रमाण पत्र पिछली साल निरस्त कर दिया गया। बेसिक शिक्षा विभाग ने कई बार शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा पर प्रमाण पत्र की सत्यता साबित न हो सकी। बीएसए ने तीन अक्तूबर 2024 को शुमायला खान को निलंबित कर दिया था। उसकी सेवा भी समाप्त कर दी गई है। अब बीएसए के निर्देश पर बीईओ भानु शंकर गंगवार ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस मामले में जांच कर रही है, शुमायला की गिरफ्तारी भी की जा सकती है। नौ साल से कर रही थी नौकरी- पाकिस्तानी नागरिक शुमायला ने फर्जी दस्तावेजों से 2015 में बरेली में नौकरी हासिल की थी। वह तभी से प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थी। इतने साल से वह लाखों रुपये वेतन ले चुकी थी। अब उसे नियुक्ति तिथि से पद से हटा दिया गया। विभाग ने वेतन आदि भत्ते की रिकवरी की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।



# हद तो तब हो गई...जब जले हुए श्रमिक तड़प रहे थे और पुलिसकर्मी बना रहे थे वीडियो

